पूर्व मध्य रेल **आवेदन करने की अंतिम तिथि 11.12.2025**

कार्यालय
महाप्रबंधक/कार्मिक
हाजीपुर

दिनांक-19.11.2025

पत्र सं.—ECR-HQ0PERS(SEL)/61/2020(37477)

- सभी विभागाध्यक्ष (लेखा एवं सुरक्षा विभाग को छोड़कर) पूमरे/ हाजीपुर।
- मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना।
- मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कारखाना परियोजना संगठन/पटना।
- मुख्य विधुत इंजीनियर(परियोजना)/पूमरे/दानापुर।
- अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, महेन्द्रुघाट/पटना एवं मुजफ्फरपुर।
- अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/पूमरे/पटना।
- मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीआरडब्लयू/हरनौत समस्तीपुर एवं पीडी/डीडीयू।
- अपर निबंधक, रेल दावा अधिकरण/पटना।
- उप महाप्रबंधक(सामान्य)/पूमरे/हाजीपुर।
- उप महाप्रबंधक(विधि)/पूमरे/पटना।
- वरि0 सामग्री प्रबंधक/गढहरा डिपो।
- वरि0 राजभाषा अधिकारी/पूमरे/हाजीपुर।

अधिसूचना

विषय:-अवर लिपिक सह टंकक, वेतन लेवल-2 (ग्रेड वेतन रु 1900) में 33 ⅓ % कोटा के रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने के संबंध में।

पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय/हाजीपुर में निम्न पात्रता के अन्तर्गत आने वाले लेवल-1 से अवर लिपक सह टंकक वेतन लेवल-2 (ग्रेड वेतन रु 1900) में 33 ⅓ % पदोन्नति कोटा के तहत रिक्त पदों को चयन द्वारा भरे जाने का विनिश्चय किया गया है। उक्त पदोन्नति हेतु रिक्तियों का विवरण, पात्रता शर्तें, चयन का तरीका आदि का विवरण निम्नानुसार है-

UR	SC	ST	Total
03	08	03	14 (01 post horizontally reserved for PwBD out of 14)

1. <u>विकल्प आमंत्रण हेतु पात्रता की शर्तें</u>

I. पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय/हाजीपुर के सभी विभागों के सामान्य सहायक/कार्यालय सहायक, आदेशपाल, जमादार आदेशपाल, गेस्टेटनर ऑपरेटर, फेरोप्रिन्टर जेरोक्स, आपरेटर, अभिलेखपाल, चौकीदार(सभी विभागों के), सफाईवाला/ जमादार सफाईवाला (सिर्फ चिकित्सा, भंडार एवं कार्मिक विभाग के) हास्पीटल अटेन्डेन्ट(केवल मुख्यालय/पूमरे/हाजीपुर के), शेड आदेशपाल एवं स्टोर खलासी जिनका लियन/वरीयता मुख्यालय/पूमरे/हाजीपुर में अनुरक्षित है तथा लेवल-1 में कार्यरत वैसे नियमित कर्मचारी जिनका लियन मुख्यालय/पूमरे/हाजीपुर में अनुरक्षित है और उनके लिए विभाग में पदोन्नति के कोई अवसर उपलब्ध नहीं है। अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि को RBE No. 38/2017 दिनांक 21.04.2017 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार 33-⅓%, कोटा के अन्तर्गत चयन हेतु निर्धारित ग्रेड में 02 वर्ष की नियमित सेवा (परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक समाप्त किये जाने के उपरांत) आवश्यक है। अतः वैसे कर्मचारी अधिसूचना जारी होने की तिथि को 02 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करते है. इस चयन हेतु पात्र होगें। आकस्मिक/एवजी में नियुक्त कर्मचारी जो अस्थाई दर्जा प्राप्त कर बिना ब्रेक के नियमित हुए है, उनके अस्थाई दर्जा प्राप्ति के उपरांत की सेवा 02 वर्ष की निर्धारित सेवा हेतु गणना की जाएगी।

II. स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरण/पारस्परिक स्थानांतरण के मामले में कर्मचारी के सेवा की गणना RBE 99/2006 दि0 27.07.2006 के आधार पर की जाएगी।

उपरोक्त शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक / पात्र कर्मचारी अपना आवेदन विहित प्रपत्र में इस कार्यालय को भेज सकते है।

19/11/25

Scanned with OKEN Scanner

नोट : -(क) इसमें लेखा विभाग तथा सुरक्षा विभाग के लेवल-1 के कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेगें।
(ख) सिर्फ उपरोक्त मूल पदनाम वाले कर्मचारी ही पात्र माने जायेंगें, यदि वे अन्य शर्तों को भी पूरा करते हो।
(ग) प्रतिनियुक्ति या अस्थाई व्यवस्था के तहत तैनात कर्मचारी पात्र नही माने जायेगें ।

2. **चयन प्रक्रिया:-**

I. महाप्रबंधक(का0)/पूमरे/हाजीपुर के पत्रांक ECR-HQ0PERS(EC)/1/2024(C.N.327800) दिनांक 08.10.2025 के आलोक में RBE No. 47/2025 दि0 28.05.2025 एवं RBE No. 75/2025 दि0 28.07.2025 में दिए गए निर्देश के आलोक में चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन पूर्णत: Centralized Computer Based Test(CBT Mode) द्वारा होगी, जिसके लिए समय-समय पर जारी किये गए दिशा-निर्देश मान्य होगा।

II. RBE No. 96/2018 दिनांक 14.12.2018 एवं RBE No. 97/2019 दिनांक-14.06.2019 के अनुसार सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रश्न पत्र द्विभाषीय (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में होंगे। कुल अंको का 10% प्रश्न वैकल्पिक रूप से राजभाषा नियम से संबंधित होगा जिसका जवाब देना अनिवार्य नहीं होगा।

III. अंको का निर्धारण- लिखित परीक्षा- 85, सेवा अभिलेख- 15

IV. समय अवधि- 02 घंटा अथवा CBT Mode में अंकित निर्देश।

V. आरबीई 43/2015 दिनांक 05.05.2015 द्वारा नामिका उत्तीर्ण कर्मचारियों की वरीयता के अनुसार तैयार की जाएगी। अतः गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक प्रदान नहीं किये जाएँगे (आरबीइ 194 / 2019 दिनांक 14.11.2019।

3. **पाठ्यक्रम:-**सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होगें जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी भाषा की ज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित की ज्ञान एवं रेलवे मामलों से संबंधित किये जाने वाले कार्यों की ज्ञान की जाँच से संबंधित होगी। सुलभ संदर्भ हेतु पाठ्यकर्म की प्रति संलग्न है।

4. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :-** इच्छुक/पात्र कर्मचारियों जो उपरोक्त वर्णित शर्तों को पूरा करते हो और लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक हो, वे निर्धारित आवेदन-पत्र प्रारूप जो अनुलग्नक- 'A' के रूप में संलग्न है, पर अपना आवेदन पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विभाग में दिनांक-11.12.2025 तक जमा कर सकते हैं। संलग्न प्रपत्र (Annexure-A) में आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि-11.12.2025 है।** संबंधित यूनिट/विभाग(सुरक्षा विभाग को छोड़कर) द्वारा पात्र कर्मचारियों के आवेदन दिनांक- 16.12.2025 तक सकाधि/समन्वय के नाम अग्रसारित कर विशेष वाहक द्वारा एक बंच में भेजा जाना सुनिश्चिच करेगें। उक्त तिथि के उपरांत कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा, हस्ताक्षर तथा संबंधित नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर होने पर ही स्वीकार्य किये जायेंगे।

5. **लिखित परीक्षा की तिथि:-** लिखित परीक्षा(CBT Mode) की तिथि इस कार्यालय द्वारा अल्प अवधि में परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु सुचित किया जा सकता है अतएव इच्छुक/पात्र कर्मचारियों से अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही लिखित परीक्षा हेतु तैयारी मे जुट जाने की अपेक्षा की जाती है।

6. **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए प्री कोचिंग :-** चूँकि यह गैर संरक्षा कोटि का पद है। अतएव चयन में अजा-अजजा अभ्यर्थियों को प्री- कोचिंग कराना अनिवार्य नहीं है।

7. अवर लिपिक के पद हेतु चयनित होने पर कर्मचारियों को पर्सनल कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 40 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 35 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण करने में समर्थ होना अनिवार्य होगा। अवर लिपिक के पद पर चयनित होने पर पदोन्नति इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से होगी कि प्रोन्नति की तिथि से दो वर्ष के अन्दर संबंधित कर्मचारी को पर्सनल कंप्यूटर पर निर्धारित टंकण परीक्षा मे उत्तीर्ण होना होगा। यदि अवर लिपिक के पद पर प्रोन्नत कर्मचारी निर्धारित समय से टंकण जाँच परीक्षा में उत्तीर्ण नही होते हैं वैसे कर्मचारी के संबंध मे आर०बी०ई सं.-02/2017 दिनांक-16.01.2017 आर0बी0ई सं-45/2022 दिनांक-07.04.2022, आरबीई-09/2023 दिनांक- 11.01.2023 एवं रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार अनुवर्ती कार्यवाही की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

8. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं PwBD के उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र मे इस बात को स्पष्ट करेगें कि वे अजा/अजजा एवं PwBD के सदस्य है (सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें)।
9. अन्य स्थानों पर कार्यरत मंद सं-01 में वर्णित कोटि के ऐसे कर्मचारी जो वेतन लेवल-1 (ग्रेड पे रू-1800) मे कार्यरत हो तथा जिनका लियन मुख्यालय/हाजीपुर मे निर्धारित है वो भी अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से आवेदन दे सकते है।
10. पात्र अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के लिए आवश्यक अनुदेश परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का कदाचार या अन्य अशोभनीय कार्य की अनुमति नहीं होगी। इस तरह के हरकत के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी।
11. सभी शाखा अधिकारी से अनुरोध है कि अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे लगाने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। निर्धारित समय पर इच्छुक कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण जाँच पड़ताल के बाद प्रमाणित करेगें कि एक, दो, तीन, चार या पाँच आवेदन संलग्न है और कोई आवेदन छुटा/शेष नही है।

संलग्नक:-आवेदन का प्रारूप (अनुलग्नक-A)

19/x1/4

(अभिषेक कुमार)
सकाधि/समन्वय
कृते महाप्रबंधक(कार्मिक)/हाजीपुर

प्रतिलिपि :—

1. प्रमुकाधि महोदय के सचिव:- प्रमुकाधि महोदय के सादर सूचनार्थ
2. मुकाधि/प्र. महोदय के निजी सचिव—II मुकाधि/प्र. महोदय के सादर सूचनार्थ
3. उप. मुकाधि/आई.आर. एण्ड डब्लू, एमपीपी एवं राज./पूमरे / हाजीपुर।
4. सकाधि/एमपीपी/पूमरे/हाजीपुर: पूमरे के वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।
5. सकाधि/बिल एवं ईएसएम/पूमरे/हाजीपुर।
6. महासचिव/ईसीआरईयू/एससीएसटी एसो./ओबीसी एसो./पूमरे/हाजीपुर।
7. सूचनापट।

19/x1/4

कृते महाप्रबंधक(कार्मिक)/हाजीपुर

Scanned with OKEN Scanner

Annexure-"A"

आवेदन का प्रारूप

विषय- अवर लिपिक सह टंकक, वेतन लेवल-2 (ग्रेड वेतन रु 1900) मे 33 ⅓ % कोटा की रिक्तियों को चेतन लेवल-1 (ग्रेड वेतन रु 1800) में सेवारत कर्मचारियों से सामान्य चयन के माध्यम से भरा जाना।

संदर्भ:- आपका अधिसूचना सं०-ECR-HQ0PERS(SEL)/61/2020(C.N.37477) दिनांक-19.11.2025

संदर्भित अधिसूचना के आलोक मे विषयगत् चयन में सम्मिलित होने हेतु अपना विकल्प देता/देती हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नलिखित है:-

फोटो अभिप्रमाणित

1. कर्मचारी का नाम :-
2. पिता/पति का नाम :-
3. कर्मचारी सं0 :-
4. HRMS ID :-
5. पदनाम :-
6. विभाग/कार्यस्थल :-
7. लियन:-
8. जन्मतिथि :-
9. नियुक्ति तिथि (अस्थाई दर्जा सहित) :-
10. नियमित नियुक्ति तिथि :-
11. वर्तमान ग्रेड पे (मूल पद) :-
12. वेतनमान + ग्रेड पे (एम०ए०सी०पी० के तहत यदि देय हो) :-
13. पदोन्नति तिथि (यदि कोई हो) -
14. सेवा अवधि (अधिसूचना निर्गत तिथि को) :-
15. मोबाईल न० & E-mail ID.:-
16. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रति संलग्न) :-
17. समुदाय (अजा/अजजा, PwBD) यदि हो तो सत्यापित प्रति संलग्न करें:-
18.

यदि अन्य मंडल/रेलवे से निजी अनुरोध/पारस्परिक स्थानांतरण पर मुख्यालय/हाजीपुर में योगदान दिए हैं तो उससे संबंधित पूर्ण विवरण।	निजी अनुरोध/पारस्परिक स्थानांतरण से पूर्व			निजी अनुरोध/पारस्परिक स्थानांतरण के उपरांत मुख्यालय/हाजीपुर में	
	रेलवे/मंडल	पदनाम एवं पे-लेवल	सेवा की अवधि (YY/MM/DD)	पदनाम एवं पे-लेवल	योगदान तिथि

नोट- सभी प्रमाण पत्रों की स्व० अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

अभ्यार्थी का हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त कर्मचारी दिनांक ..... से पहले आवेदन प्रस्तुत किए है।

नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मोहर

अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दिए गए विवरण की जॉच सेवा पुस्तिका के अनुसार की गई एवं सही पाया गया। कर्मचारी अधिसूचित पद हेतु सेवा विवरण के आधार पर पात्र हैं तथा आवेदन अग्रसारित किया जाता हैं।

19/11/25

संबंधित कैडर नियंत्रक कार्मिक अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मोहर

Scanned with OKEN Scanner

Annexure-'B'

Syllabus for the Written Examination.

Written test consists of one paper of 2 hours duration divided into two parts- Part 'A' & Part 'B'.

Part 'A':- To test the working knowledge of the Railway Servant in English Language.

Part 'B':- General Standard of proficiency through questions in Arithmetic, General Knowledge mainly pertaining to Railway matters and Matters immediately pertaining to the work acquainted with during the Railway service.

N.B.:- Qualifying marks will be adjudged on the basis of combined marks of Part 'A' and Part 'B'.

18/11/25

Scanned with OKEN Scanner